कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.10.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त राकेश थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-658/2024 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राकेश पुत्र सुरेन्द्र राम निवासी ग्राम जयरामपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी को आज दिनांक-06.10.2024 को समय करीब 13.40 बजे ग्राम जयरामपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता उम्र करीब 17 वर्ष को दिनांक-05.10.2024 को सकुशल बरामद किया जा चुका है।

घटना का विवरण- दिनांक-04.10.2024 को वादी मुकदमा/पीड़िता के पिता ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक-03.10.2024 को समय करीब 11.00 बजे प्रतिवादी राकेश उर्फ लल्लू कुमार पुत्र सुरेन्द्र राम वादी की पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को बहला-फुसलाकर वादी के घर से उनकी लड़की को अपने साथ लेकर कही चला गया है व इस घटना में शनि कुमार ने विपक्षी लल्लू कुमार की मदद किया है, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-658/2024 धारा 137(2)/87 बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 जितेन्द्र सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राकेश पुत्र सुरेन्द्र राम निवासी ग्राम जयरामपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी, उम्र 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

ग्राम जयरामपुर थाना चौबेपुर जिला वाराणसी से, दिनांक-06.10.2024 को समय करीब 13.40 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-658/2024 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।